Employment Standards

रोजगार मानक अधिनियम, 2000 (Employment Standards Act, 2000) के तहत आपके अधिकार

अस्वीकरण: इस संसाधन को कर्मचारियों तथा नियोजकों की रोजगार मानक अधिनियम, 2000 (Employment Standards Act, 2000) (ESA) के तहत स्थापित न्यूनतम अधिकारों तथा कर्तव्यों व विनियमों को समझने में मदद करने के लिए तैयार किया गया है। यह कानूनी परामर्श नहीं है। इसका अभिप्राय ESA अथवा विनियमों को बदलना नहीं है तथा हमेशा विनियमों के आधिकारिक संस्करण का संदर्भ लिया जाना चाहिए। हालांकि हम यह सुनिश्चित करने के लिए कोशिश करते हैं कि इस संसाधन में दी गयी जानकारी यथासंभव ताजा तथा सटीक है, फिर भी कभी-कभार त्रुटियां हो जाती हैं। ESA केवल न्यूनतम मानक उपलब्ध कराता है। किसी रोजगार अनुबंध, सामूहिक समझौते, सामान्य कानून या अन्य कानून के तहत कुछ कर्मचारियों के पास अधिक अधिकार हो सकते हैं। नियोक्ता और कर्मचारी कानूनी सलाह प्राप्त करने के लिए प्रार्थना कर सकते हैं।

यह सूचना पत्र रोजगार मानक अधिनियम, 2000 (Employment Standards Act, 2000((ESA) के तहत आपको ओंटारियो में एक विदेशी नागरिक के रूप में कार्यरत आपके अधिकारों का सारांश प्रदान करता है। ESA एक कानून है जो ओंटारियो के अधिकांश कार्यस्थलों के लिए न्यूनतम मानकों को निर्धारित करता है जैसे न्यूनतम वेतन एवं काम के घंटों की सीमाएं। विशेष नियम और छूट कुछ कर्मचारियों के लिए लागू होते हैं। अधिक जानकारी के लिए, Ontario.ca/ESAguide देखें।

आपके नियोक्ता के लिए आपके कर्मचारी बनने के 30 दिनों के भीतर आपको रोजगार मानक पोस्टर (Employment Standards Poster) की एक प्रति प्रदान करना भी आवश्यक है। आप एक अनूदित संस्करण की मांग भी कर सकते हैं एवं यदि वह श्रम मंत्रालय (Ministry of Labour) की ओर से उपलब्ध है तो आपके नियोक्ता द्वारा अंग्रेजी प्रति के साथ वह भी प्रदान की जानी चाहिए। पोस्टर Ontario.ca/ESAposter पर उपलब्ध है।

कार्यस्थल पर मेरे रोजगार मानक अधिकार क्या हैं?

वेतन का नियमित भुगतान एवं वेतन विवरण

आपको नियमित वेतन वाले दिवस पर भुगतान किया जाना चाहिए एवं आपको वेतन विवरण प्रदान किया जाना चाहिए।

काम के घंटों एवं खाने के समय की सीमाएं

आमतौर पर, आपको एक दिन में 8 घंटों से अधिक या आपके नियमित दैनिक काम अनुसूची (यदि 8 घंटो से अधिक) से अधिक या एक हफ्ते में 48 घंटो से अधिक काम करने की आवश्यकता नहीं होगी। अधिकांश कर्मचारी हर रोज़ कम-से-कम काम से लगातार 11 घंटो एवं हर हफ्ते लगातार 24 घंटों या प्रत्येक 2 हफ्ते के अंतराल में लगातार 48 घंटो की छुट्टी पाने के हक़दार हैं। यदि आप लिखित में सहमति प्रदान करते हैं एवं कुछ शर्तें पूरी होती हैं तो आप और अधिक घंटो के लिए काम कर सकते हैं। आप खाने के लिए 30 मिनट के अंतराल के बिना लगातार 5 घंटो से ज्यादा काम नहीं कर सकते हैं।

Ontario

ओवरटाइम वेतन

अधिकांश नौकरियों के लिए, ओवरटाइम एक हफ्ते में 44 घंटों के कार्य के बाद भुगतान योग्य होता है। ओवरटाइम की दर आपके नियमित वेतन दर से कम-से-कम डेढ़ गुना होनी चाहिए। आप ओवरटाइम, काम के घंटे एवं खाने के अन्तराल के बारे में अधिक जानकारी Ontario.ca/hoursofwork पर प्राप्त कर सकते हैं।

न्यूनतम वेतन

अधिकांश कर्मचारी कम-से-कम न्यूनतम वेतन प्राप्त करने के हक़दार हैं। आप एकदम हालिया दरें Ontario.ca/minimumwage पर प्राप्त कर सकते हैं।

सवेतन अवकाश

अधिकांश कर्मचारी प्रत्येक 12 महीने की अवधि के बाद दो हफ़्तों के अवकाश के हक़दार हैं एवं उन्हें उस 12 महीनों की अवधि में अर्जित कुल वेतन का कम-से-कम 4% उन्हें अवकाश वेतन के रूप में देना होगा।

सार्वजानिक अवकाश एवं सार्वजानिक अवकाश वेतन

ओंटारियो में प्रत्येक वर्ष नौ सार्वजानिक अवकाश होते हैं। अधिकांश कर्मचारी इन दिनों के लिए अवकाश लेने एवं सार्वजनिक अवकाश वेतन प्राप्त करने के हक़दार हैं। सार्वजानिक अवकाशों के बारे में अधिक जानकारी हेतु Ontario.ca/publicholidays देखें।

अनुपस्थिति के अवकाश

गर्भावस्था, माता-पिता, परिवार देखभालकर्ता, और व्यक्तिगत आपात स्थिति अवकाश सहित ऐसे कई अवैतनिक अनुपस्थिति के अवकाश हैं जिनमें नौकरी सुरक्षित रहती है। योग्य कर्मचारियों के पास नौकरी संरक्षित अवैतनिक अनुपस्थिति अवकाश पाने का अधिकार होता है, चाहें आप पूर्णकालिक, अंशकालिक, स्थायी, या एक अनुबंध कर्मचारी ही क्यों न हों।

समाप्ति सूचना एवं/अथवा सूचना के बदले भुगतान (यदि कम-से-कम तीन महीनों के लिए कार्यरत हैं)

यदि आप कम-से-कम तीन महीनों के लिए कार्यरत हैं, तो यदि आपका नियोक्ता आपके रोजगार संबंध को खत्म (समाप्त) करता है तो आमतौर पर आपको समाप्ति सूचना मिलने का अधिकार है। आपको आपके कार्यरत रहने के दौरान सूचना, काम के बदले भुगतान सूचना या दोनों का संयोजन प्राप्त हो सकता है। आमतौर पर, आपको मिलने वाले न्यूनतम नोटिस एक सप्ताह (यदि आपको कम-से-कम तीन महीने कि लिए लेकिन एक वर्ष से कम के लिए नियोजित किया गया है) से लेकर आठ सप्ताह (यदि आपको आठ साल या उससे अधिक समय के लिए नियोजित किया गया है) तक का हो सकता है। यह जानकारी प्राप्त करने के लिए कि आप समाप्ति सूचना या भुगतान के हक़दार है या नहीं, Ontario.ca/ESAtools पर उपलब्ध समाप्ति उपकरण (Termination Tool) का प्रयोग करें।

अपने ESA अधिकारों की मांग करने अथवा उनका प्रयोग करने पर आपको दंडित नहीं किया जा सकता है

यदि आप ESA के तहत अपने अधिकारों की मांग करते हैं या कहते हैं कि आपको आपके अधिकार दिए जाने चाहिए तो आपका नियोक्ता किसी भी रूप में आपको दंडित नहीं कर सकता जिसमे आपका रोजगार संबंध समाप्त करना भी शामिल है। आपके पास अपने ESA अधिकारों की मांग करने या उनका प्रयोग करने पर अपने नियोक्ता द्वारा दंडित ना होने का भी अधिकार है।

Ontario

यदि आप विदेशी नागरिकों के लिए रोजगार संरक्षण अधिनियम, 2009 (Employment Protection for Foreign Nationals Act, 2009) के तहत आने वाले विदेशी नागरिक हैं

विदेशी नागरिकों के लिए रोजगार संरक्षण अधिनियम, 2009 (Employment Protection for Foreign Nationals Act, 2009) (EPFNA) के तहत आने वाले विदेशी नागरिक इस दस्तावेज़ के साथ EPFNA के अंतर्गत आने वाले अपने अधिकारों का सूचना पत्र प्राप्त करने के हक़दार हैं। यदि आपकी पहली भाषा अंग्रेजी नहीं है तो आपके नियोक्ता अथवा भर्तीकर्ता को यह पता लगाना चाहिए कि सूचना पत्र आपकी पहली भाषा में उपलब्ध है या नहीं एवं, यदि है, तो आपको अनूदित संस्करण भी प्रदान करना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए, कृपया Ontario.ca/EPFNA देखें।

यदि आपका कोई प्रश्न है या आप कोई दावा दायर करना चाहते हैं

अधिक जानकारी के लिए, कृपया Ontario.ca/employmentstandards देखें या रोजगार मानक सूचना केंद्र (Employment Standards Information Centre) से (416) 326-7160 पर (1-800-531-5551 टॉल-फ्री) पर या सुनने में अक्षम व्यक्तियों के लिए TTY 1-866-567-8893 पर संपर्क करें। सूचना कई भाषाओं में उपलब्ध है।

यदि आपको विश्वास है कि आपको ESA के तहत अपने अधिकार प्राप्त नहीं हुए हैं एवं एक दावा दायर करना चाहते हैं, तो आप रोजगार मानक दावा फार्म (Employment Standards Claim Form) Ontario.ca/ESAforms के माध्यम से ऑनलाइन अथवा चुनिंदा सर्विस ओंटारियो केंद्रों (ServiceOntario Centres) से प्राप्त कर सकते हैं। अपने नजदीकी केंद्र का पता लगाने के लिए, कृपया 1-800-267-8097 पर संपर्क करें। **कृपया ध्यान दें कि ESA एवं EPFNA के तहत दावा दायर करने हेतु अलग फार्म को उपयोग में लाया जाता है।**